


एक नजर में



## रेलवे जीएम को सौंपा 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

**उज्जैन।** आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के सिलसिले में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक रामाश्रय पांडेय के उज्जैन आगमन के दौरान वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन रतलाम मंडल ने अपनी लंबित मांगों को लेकर उन्हें 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उज्जैन शाखा के सचिव अर्पित जैन के नेतृत्व में यूनियन पदाधिकारियों ने महाप्रबंधक का अभिनंदन करते हुए विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। सागर उदगीर ने जानकारी देते हुए बताया कि रेल कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रयासरत हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो पाया है। ज्ञापन में प्रमुख रूप भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग उठाई गई। जेई एवं ट्रेन मैनेजर पदों के लिए रिक्तियां घोषित की गई थीं, लेकिन लगभग तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी है। जिससे कर्मचारियों में निराशा बढ़ रही है। इसे जल्द से जल्द कराया जाए। यूनियन ने ट्रैक मेंटेनर कर्मचारियों के लिए पेट्रोलिंग बीट की दूरी 12 किलोमीटर के मानक के भीतर रखने की मांग करते हुए कहा कि अधिक दूरी से थकान बढ़ती है और इससे मानव त्रुटि की संभावना बढ़ने के साथ ही यात्री सुरक्षा पर भी असर पड़ता है। पॉइंट्समैन कर्मचारियों की 12 घंटे ड्यूटी को 8 घंटे करने एवं उनके आल राइट मिलाने हेतु शेड निर्माण की बात रखी गई। यूनियन ने महाप्रबंधक से सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र निराकरण करने की मांग की। इस मौके पर रेणुका पोद्दार, किरण, कमलेश कुशवाह, प्रवीण जोशी आदि कर्मचारी उपस्थित थे।




## वेस्ट से बेस्ट बनाना ही सच्ची कला...

**उज्जैन।** जज्बा संस्था द्वारा सब्जी मंडी स्थित जामिया इस्लामिया स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हारून नागौरी ने कहा कि अनुपयोगी वस्तुओं से यानी वेस्ट से बेस्ट बनाना ही सच्ची कला है। इस शिविर में बच्चों को घर और आसपास की बेकार पड़ी या उपयोग की जा चुकी वस्तुओं से नई और आकर्षक सामग्रियां बनाना सिखाया जा रहा है। वेस्ट से बेस्ट के मास्टर ट्रेनर और प्रसिद्ध दिवंगत कलाकार गफूर साहब के पोते आमिर कुरैशी ने बताया कि इस कला के माध्यम से हम अपने घर को एक नया स्वरूप दे सकते हैं। साथ ही इसके जरिए कचरे की मात्रा को भी न्यूनतम किया जा सकता है। वसीम अब्बास और भुरू शेख ने बताया कि इस नि:शुल्क कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को संवारने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। सादिक खान और इंसाफ कुरैशी ने बताया कि मास्टर ट्रेनर आमिर कुरैशी के मार्गदर्शन में प्रतिदिन आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में नईम खान, जहीर शेख, शाइस्ता परवीन, शाहिना, इरशाद नागौरी, अतहर आलम अंसारी, फरीद कुरैशी, जुल फैज़ जाफरी और बंटी फैज़ मोहम्मद विशेष रूप से उपस्थित रहते हैं।



## रामनिवास रावत से मिला मीणा समाज

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत के पदभार ग्रहण करने पर मीणा समाज के पदाधिकारियों ने भोपाल पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उज्जैन मीणा समाज की कार्यकारिणी द्वारा उन्हें भगवान श्री महाकालेश्वर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। मीणा समाज सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष योगेश मीणा घोटू भैया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में अध्यक्ष रामनिवास रावत से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सतनारायण मीणा, मीणा समाज के प्रदेश संयोजक मानसिंह रावत, युवा अध्यक्ष आशुतोष मीणा, इंदौर जिलाध्यक्ष सुभाष मीणा, मीडिया प्रभारी अजय बारवाल, कमल मीणा, पंकज चांदा, संजय मीणा चक और इंदौर महिला जिलाध्यक्ष ज्योति मीणा विशेष रूप से उपस्थित थीं। इस मुलाकात के दौरान उज्जैन मीणा समाज की ओर से अध्यक्ष रावत को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही जिलाध्यक्ष योगेश मीणा ने उन्हें बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन आने का निमंत्रण भी दिया।

## श्री सिंथेटिक्स के कर्मचारियों ने दिया धरना

**उज्जैन।** श्री सिंथेटिक्स के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर टॉवर चौक पर धरना दिया। लंबे समय से अपने हक के लिए संघर्षरत इन कर्मचारियों ने अपनी मांगों की अनदेखी पर आक्रोश व्यक्त किया। श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस के संयोजक और असंगठित कामगार प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष प्रकाश सोलंकी ने बताया कि सरकार से पेंशन बढ़ाने और बकाया राशि के भुगतान की मांग को लेकर यह धरना आयोजित किया गया है। धरने को विशेष अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने संबोधित किया। इस धरना प्रदर्शन में रंजीत बोडाना, कैलाश धवन, शीतल प्रसाद राठौर, शिवाजी राव शिंदे, रामचंद्र चौधरी, मालती सिंह, प्रेम बाई राठौर और निशा पंवार सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वच्छता से चौड़ीकरण तक एक्शन मोड में नगर निगम

**उज्जैन। शहर में स्वच्छता, निर्माण और यातायात सुधार को लेकर नगर निगम ने एक साथ कई मोर्चों पर कार्रवाई तेज कर दी है। बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा और प्रभारी शिवेंद्र तिवारी अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था, विशेष अभियान और मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। पूरे दिन चले इन निरीक्षणों में साफ संदेश दिया गया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और काम तय समयसीमा व गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएंगे।**

सबसे पहले निगमायुक्त ने अशोक नगर, वाल्मीकि नगर, लक्ष्मी नगर, वल्लभनगर, देसाई नगर और मक्सी रोड क्षेत्र का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान घर-घर से गीला और सूखा कचरा अलग-अलग देने पर नागरिकों की सराहना की गई। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नालियों की नियमित सफाई हो, कचरा नालियों में न डाला जाए और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज की जाए। निरीक्षण में खुले में कचरा फेंकने वालों पर चालानी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

**गुणवत्ता से समझौता नहीं- तिवारी**-शहर में अधोसंरचना कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी शिवेंद्र तिवारी ने इंजीनियरों को दो टूक कहा कि गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं होगा। निर्माण कार्य समयसीमा में पूरे हों, सीवरेज लाइन पहले डाली जाए ताकि बाद में सड़क न खोदनी पड़े और हर काम की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। लापरवाही करने वाले ठेकेदारों को



### स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति में चल रहा सफाई अभियान

इसी कड़ी में स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति अभियान के तहत महापौर ने सुबह से ही कई वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया। दूत तलाई, दौलतगंज, घी मंडी, बंगाली कॉलोनी और किशनपुरा क्षेत्र में सफाई, उद्यान व्यवस्था, पानी लीकेज सुधार और गंदे पानी की शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। फूल मंडी क्षेत्र में सड़क पर कचरा फेंकने वालों को सख्त चेतावनी दी गई, वहीं बंगाली कॉलोनी में गंदगी और अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सफाई मित्रों का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। वहीं महापौर ने दो दिन और विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए।

### मौके पर पहुंचे नगर निगमायुक्त मिश्रा

सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए शहर में मार्ग चौड़ीकरण कार्य भी तेजी से चल रहा है। निगम आयुक्त ने कंठाल से निजातपुरा तक चल रहे चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया और साइड इंजीनियरों को मौके पर खड़े रहकर काम करवाने के निर्देश दिए। नाली निर्माण, पानी निकासी और लाइन लीकेज को तत्काल सुधारने के लिए कहा गया, ताकि निर्माण कार्य बाधित न हो और भविष्य में परेशानी न आए। बता दें कि नगर निगम आयुक्त प्रतिदिन वार्डों में निरीक्षण के साथ ही चौड़ीकरण का भी निरीक्षण कर रहे हैं।

## पुलिस की गिरफ्त में उज्जैन के फरार बदमाश

**उज्जैन। ढांचा भवन में हवाई फायर कर मकान में आग लगाने वाले बुंदेला गैंग के तीन बदमाशों को निम्बाहेड़ा पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पिछले 24 दिनों से बदमाशों की चिमनगंज थाना पुलिस को तलाश थी।**

चिमनगंज थाना क्षेत्र में कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर के मकान में 11 अप्रैल की रात बुंदेला गैंग के बदमाशों ने आग लगा दी थी। बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए हवाई फायर भी किया था। चिमनगंज थाना पुलिस ने सामने आए फुटेज के आधार पर 13 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। दो नाबालिग सहित 8 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार भी कर चुकी है। बुंदेला गैंग का मुख्य आरोपी छिंगू उर्फ यशवेन्द्र बुंदेला अपने साथियों के साथ फरार चल रहा था। बताया जा रहा है कि यशवेन्द्र, निखिल मीणा और आशुतोष को निम्बाहेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तीनों बदमाश जलिया चेक पोस्ट से कार में गुजर रहे थे। इस दौरान निम्बाहेड़ा पुलिस ने संदेह के आधार पर कार को रोका था। तलाशी लेने पर उनके पास से देशी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर कार जब्त की थी। जांच में पता चला था कि तीनों बदमाश उज्जैन से फरार हैं। यशवेन्द्र बुंदेला आपराधिक प्रवृत्ति का है जिसके खिलाफ दो दर्जन के खिलाफ मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम भी है। निम्बाहेड़ा पुलिस ने आरोपियों के गिरफ्तार होने की जानकारी उज्जैन पुलिस को दी है।

## किसान के घर में 12 लाख की चोरी

- राघवी थाना क्षेत्र के महुड़ीपुरा का 7 दिन बाद दर्ज किया मामला

**उज्जैन।** किसान के मकान का दिनदहाड़े दरवाजा तोड़कर हुई 12 लाख रुपये की चोरी के मामले में 7 दिन बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। अब बदमाशों की तलाश शुरू की गई है। राघवी थाना क्षेत्र के महुड़ीपुरा में रहने वाला दिलीप पिता मदनलाल शर्मा खेती किसानी का काम करता है। 26 अप्रैल को उसके पुत्र महेश और पुत्री मनीषा का सामूहिक सम्मेलन में विवाह था। परिवार सुबह ग्राम पलदुना सम्मेलन में गया था। शाम 6 बजे वापस लौटा तो मकान का दरवाजा टूटा हुआ था। घर में रखी पेटी खुली हुई थी। जिसमें रखे 12 लाख रुपये नगद गायब थे। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने जांच के बाद 4 मई की देर शाम अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया।

### वारदात करने वाले को पूर्व से थी जानकारी

दिलीप शर्मा ने बच्चों की शादी के लिये अपनी 2 बीघा जमीन का सौदा 6 .67 लाख में किया था। शेष रुपये 5 .33 लाख परिचित से उधार लिये थे। कुल 12 लाख उसने घर में रखे थे। जिसे बदमाश चुराकर ले गये है। आशंका है कि वारदात करने वालों को घर में रूपये रखने होने की जानकारी थी। दरवाजा तोड़ने के बाद पेटी में रखे रुपये ही चोरी किये गये हैं।

## भारतीय डाक विभाग उज्जैन संभाग में आधार विशेष शिविर आयोजित

**उज्जैन।** भारतीय डाक विभाग, मालवा संभाग उज्जैन द्वारा आम जनता की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विभाग द्वारा शनिवार को उज्जैन संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी आधार केंद्रों पर विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को आधार कार्ड बनवाने और पुराने आधार को अपडेट करने की सुगम सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराना है। जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उज्जैन मुख्य डाकघर, उज्जैन माधव नगर पोस्ट ऑफिस, उज्जैन एमएल नगर पोस्ट ऑफिस, उज्जैन सिटी पोस्ट ऑफिस में यह कार्य सुबह 8 बजे से रात्रि 6 बजे तक निरंतर जारी रहेगा।

### उज्जैन संभाग के सभी डाकघरों पर सुविधा

उपलब्ध सेवाएं नए आधार कार्ड बनवाना, मोबाइल नंबर अपडेट करना, पता सुधारना और बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सभी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उज्जैन संभाग के सभी डाकघर आधार केंद्रों पर यह विशेष कार्य शनिवार को संपन्न होगा। प्रवर अधीक्षक डाकघर, मालवा संभाग उज्जैन ने आम जनता से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर का लाभ उठाएं और अपने आधार संबंधी लंबित कार्यों को पूर्ण कराएं।

## शासकीय बालगृह की ग्रिल तोड़कर भागे 3 नाबालिग

- देवास रोड स्थित नागझिरी शासकीय बालगृह का मामला

**उज्जैन। देवास रोड स्थित नागझिरी शासकीय बालगृह से एक बार फिर तीन बच्चों के फरार होने का मामला सामने आया है। बच्चे बाथरूम की ग्रिल तोड़कर भागे हैं। नागझिरी थाना पुलिस द्वारा बच्चों की तलाश की जा रही है।**

नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि रात में बालगृह से तीन बच्चों के बाथरूम की ग्रिल तोड़कर भागने का मामला मंगलवार देर शाम सामने आया। बालगृह के अधिकारियों की शिकायत पर बच्चों की तलाश शुरू की गई है। भागने वाले बच्चों में 11 साल और 13 साल के दो भाई हैं जो नागदा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वहीं तीसरा बालक शाजापुर का रहने वाला है। बालगृह में बच्चों की गिनती की गई, तो तीन बच्चे कम पाए गए। इसके बाद स्टाफ में हड़कंप मच गया। तुरंत पूरे इलाके में बच्चों की तलाश शुरू की गई। लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के अनुसार शाजापुर का बच्चा एक सप्ताह पहले ही लाया गया था। वहीं नागदा के दोनों भाई 6 माह से बाल गृह में थे। पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और शहर के अन्य संभावित स्थानों पर सर्चिंग अभियान चलाया, लेकिन बच्चों का पता नहीं चल पाया।





### बाल गृह से पूर्व में भी भाग चुके हैं बच्चे

बालगृह से बच्चों के भागने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले 20 जनवरी को भी दो नाबालिग बच्चे बाथरूम की ग्रिल और वेंटिलेशन तोड़कर भाग गए थे। अब तक उनका भी पता नहीं लग पाया है। नवंबर 2023 में भी बालगृह से तीन नाबालिग बच्चे कमरे की ग्रिल तोड़कर भाग गए थे। इनमें एक बच्चा मुंबई और दो राजस्थान के बताए थे। वे भी अब तक लापता हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं ने बालगृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## ट्रेनों में यात्रा कर रहे बदमाश, हजारों के 4 मोबाइल चोरी

**उज्जैन। ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी होने की वारदात थम नहीं रही है। एक बार फिर चार ट्रेनों में यात्रियों के कीमती मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। जीआरपी ने चारों यात्रियों की शिकायत दर्ज की है।**

बताया जा रहा है कि नागदा की ओझा कालोनी का रहने वाला नवीन पिता प्रेमनारायण शर्मा 34 साल इंदौर-गांधीनगर एक्सप्रेस में सोमवार रात को इंदौर से नागदा का सफर कर रहा था। उसी दौरान बदमाशों ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया। दूसरी वारदात डेमू ट्रेन में मीता पति अनिल राठौर 50 साल निवासी मंदसौर के साथ हुई। मीता अपने पुत्र के साथ ट्रेन में सवार थी। शिप्रा ब्रिज के पास पता चला कि बेग में रखा मोबाइल गायब है। तीसरी मोबाइल चोरी की वारदात का शिकार दामोदरखेड़ी विदिशा के दीपेश अहिरवार के साथ हुई। शांति एक्सप्रेस के जनरल कोच में अहमदाबाद से इंदौर आ रहे दीपेश को मोबाइल बदमाश ने चोरी कर लिया। चौथा मामला अहमदाबाद निवासी भूपेन्द्र भाई के साथ उज्जैन स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 4 पर हुआ। भूपेन्द्र अपने दोस्त संतोष यादव के साथ महाकाल दर्शन करने आये थे। वापस लौट समय ट्रेन में चढ़ने के दौरान भीड़ के बीच बदमाशों ने उनकी जेब से मोबाइल उड़ा दिया। चारों मामलों में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया है। ट्रेनों में सबसे अधिक मोबाइल चोरी की वारदात होना सामने आ रहा है।



### पूर्व में हो चुके हैं 1.88 के मोबाइल बरामद

विगत शनिवार को ही जीआरपी ने ट्रेनों में मोबाइल चोरी करने वाले शाजापुर के बदमाश विनोद मेवाड़ा उर्फ चोंटी को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से 1.88 लाख कीमत के 18 मोबाइल बरामद किये गये थे। बावजूद ट्रेनों में वारदात थम नहीं रही है। बदमाश भीड़ के बीच यात्रियों के मोबाइल चोरी करने के बाद बीच रास्ते में पड़ने वाले स्टापेज पर उतरकर गायब हो जाते हैं।

## अशोक जाट छह माह के लिए जिलाबदर

- उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले की सीमाओं से रहेगा बाहर

**उज्जैन।** शहर में बढ़ते अपराधों को थाना प्रभारियों की अनुशंसा से पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने थाना भैरवगढ़ निवासी अशोक जाट पिता देवराम जाट को छह माह के लिए जिलाबदर किया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। आदेश के तहत मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उज्जैन जिला एवं उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार एवं आगर मालवा की राजस्व सीमाओं से छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। यदि उक्त अनावेदक के विरूद्ध कोई प्रकरण उज्जैन जिले में स्थित न्यायालय में चल रहा हो तो वे नियत पेशी पर उपस्थित हो सकेंगे, परन्तु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी। न्यायालय में पेशी होने के तुरन्त पश्चात कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

सफाई के लिए सुधार | स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत नगर निगम ने कचरा फेंकने वालो के खिलाफ की सख्त कार्रवाई

## कचरे ने बताया अपना पता, निगम की टीम ने घर पहुंच किया चालान



**उज्जैन।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 अन्तर्गत आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा नियमित रूप से शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे है। इसी क्रम में बुधवार को प्रात:काल निरीक्षण के दौरान वार्ड क्र. 43 अन्तर्गत कचरा का ढेर पाये जाने पर आयुक्त द्वारा कचरे की जांच सफाई मित्रों से करवाई जाकर सम्बंधित पर चालानी कार्रवाई किये जाने के लिए निर्देश प्रदान किये गए। सफाई मित्रों द्वारा निर्देश प्राप्त होते ही कचरे की जांच की। जिससे कचरे में से दस्तावेज तथा हास्पिटल की जांच के आधार पर पता चला की अधिकतम कचरा लक्ष्मी नगर स्थित कोरियर कम्पनी संचालक ने फेंका था। स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौर एवं स्वास्थ्य निरीक्षक इदरिश खान ने कचरे में से मिले दस्तावेज के आधार पर लक्ष्मीनगर स्थित कोरियर कम्पनी संचालक पर राशि रुपये 5500 का जुर्माना किया गया। इसी के साथ ही दलेल लगाई जाकर सफाई कार्य करवाया गया।

### खुले में कचरा कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

आयुक्त अभिलष मिश्रा द्वारा समस्त स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य निरीक्षक, दारोगा एवं मेटों को सख्त निर्देश प्रदान किये गए है कि किसी भी स्थिति में खुले पर कचरा पाया जाना, कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा पाया जाना बर्दाशत नहीं किया जाएगा तथा ऐसी स्थिति पाए जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को ध्यान में रखते हुए शहर की प्रमुख मार्गों के साथ ही गली मोहल्लों की सड़के एवं नालियों भी पूर्णत: साफ एवं स्वच्छ होनी चाहिए, कहीं भी कोई गंदगी करता पाया जाए तो तत्काल सम्बंधित पर चालानी कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल की सफाई का कार्य सुनिश्चित किया जाए।

## बिहार के सांसद पप्पू यादव ने की भस्मारती

- मीडिया से भेंट की, इसके बाद नलखेड़ा के लिए रवाना हुए



**उज्जैन।** बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने उज्जैन में महाकाल की भस्मारती की। इसके बाद वे मीडिया से मिले। यादव ने बताया कि यहां पर आकर काफी शांति मिली है। वहीं महाकाल लोक और चल रहे निर्माण कार्यों और महाकाल मंदिर समिति द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा भी की। पप्पू यादव ने उज्जैन से नलखेड़ा जाकर मां बगलामुखी माता के भी दर्शन किए।



### एयर चीफ मार्शल मणिकांतन महाकाल आए

भारतीय वायु सेना में एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल बालकृष्णन मणिकांतन ने उज्जैन प्रवास के दौरान ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन लाभ लिए। उन्होंने नंदीहाल में बैठकर परिवार के साथ भगवान का पूजन-अर्चन किया। मंदिर प्रबंध समिति ने मणिकांतन का स्वागत किया।